K16U 1142

Reg. No. : ....

Name : ....

II Semester B.Sc./L.R.P./B.C.A./B.S.W. Degree (CCSS – Reg./Supple./ Improv.) Examination, May 2016
COMMON COURSE IN HINDI
2A08 2HIN : Vyavaharik Hindi
(2014 Admn. Onwards)

Time : 3 Hours   Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए।

1) विज्ञान के बढते कदम पर अपना विचार प्रस्तुत कीजिए।

2) राष्ट्रभाषा हिन्दी एकता का मूल है – अपना मत प्रकट कीजिए। **(1×7=7)**

II. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

3) आपके मुहल्ले में सफ़ाई नियमित रूप से नहीं हो रही है। इसकी शिकायत करते हुए नगरपालिका के अध्यक्ष के नाम एक पत्र लिखिए।

4) आपके भाई की शादी की निमंत्रण देते हुए अपने मित्र को एक पत्र तैयार कीजिए।

5) 'आनन्द भारती' कॉलेज में एक अध्यापक का पद खाली है। अपनी योग्यताएँ बताते हुए एक आवेदन पत्र तैयार कीजिए। **(2×6=12)**

III. किसी **एक** गद्यांश का **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए।

6) Travelling also contributes much to the sum total of human knowledge and helps in the advancement of civilization. It is not possible for every men to go to all parts of the world and know about the different countries of the world and the different races. It is from the account given to us by famous travellers that we gain knowledge of other countries. Which would otherwise have remained unknown to us. Travellers who go to explore unknown regions and discover new regions contribute much to the advancement of civilization.

7) A debating society is useful in many ways. It is the place where students can apply their knowledge to practical things and develop their thinking and reasoning faculties. It is here that they learn to speak and argue. The powers of independent thinking and effectful speaking and arguing do not increase and develop, unless they are brought in to play. A debating society offers facilities for the exercise of these powers and helps students to become good speakers and successful debaters.
(debating society – वाग्वर्धिनी सभा) **(1×5=5)**

P.T.O.

IV. किसी **एक** गद्यांश का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए।

8) विद्या का अर्थ है किसी वस्तु के गुणों को अच्छी तरह जानना। जो लड़का विद्या प्राप्त करता है वह विद्यार्थी कहलाता है। विद्यार्थी वही है जो किसी चरित्रवान व्यक्ति से अच्छी बातों को सीखता है, सेवा का भाव हृदय में रखता है और उत्तम स्वभाववाला होता है। विद्यार्थी को गुण लेना चाहिए। अवगुणों को छोड़ देना चाहिए। जो जितना ही विनम्र, आज्ञाकारी, स्थिर स्वभाव का है वह उतना ही अधिक सीख सकता है। विद्यार्थी को अपने मन को संयमित और नियंत्रित रखना चाहिए। उसमें पढ़ने सीखने के कार्य के प्रति निष्ठा और बड़ों के प्रति सम्मान की भावना होनी चाहिए।

9) कर्तव्य वह वस्तु है जिसका पालन न करने से लोगों की दृष्टि से हम गिर जाते है। घर से ही हमारी कर्तव्य – शिक्षा शुरू होती है। घर में माता का पिता के प्रति, माता-पिता का लड़कों के प्रति, बच्चों का माँ-बाप के प्रति कर्तव्य बना रहता है। घर के बाहर हम मित्रों, पड़ोसियो और दूसरे लोगों के आपस के कर्तव्यों को देखते है। यह अच्छा है कि हम बुरा काम न करें और सदा प्रसन्न रहे। कर्तव्यों का पूरा पालन करना ही हमारा धर्म है। **(1×5=5)**

V. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।

10) निम्नलिखित मुहावरों का सही अर्थ लिखिए।

क) अंग अंग खिल उठना
ख) ईद का चांद होना
ग) कलाई खुलना
घ) खाने को दौड़ना
क) उलटी गंगा बहाना
ख) कसौटी पर खरे उतरना
ग) जबान में लगाम न होना
घ) नींद हराम करना।

11) निम्नलिखित कहावतों का सही अर्थ लिखिए।

क) नाच न आवे आँगन टेढ़ा।
ख) मियाँ की दौड़ मस्जिद तक
ग) मुँह में राम बगल में छुरी
घ) जान है तो जहान है।
क) चोर चोर मौसेरे भाई
ख) जैसा राजा वैसी प्रजा
ग) कभी-नाव-गाड़ी पर कभी गाड़ी नाव पर
घ) घर का भेदी लंका ढाहे **(2×2=4)**

VI. निर्देश के आधार पर सही उत्तर लिखिए।

12) निम्नलिखित वाक्य पढ़कर उसमें से संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया शब्दों के चुनकर लिखिए।

लक्ष्मण कोमल वाणी में परशुराम से बोले आप मुझे बार-बार अपना कुल्हाड़ा इस प्रकार दिखा रहे है मानो फूँक मारकर पहाड़ उड़ा देंगे।

13) खाली जगहों को प्रत्ययों से भरिए।

महावीरप्रसाद द्विवेदी _________ नारी शिक्षा _________ पर्याप्त बल दिया। हिन्दी समालोचना _________ आगे बढ़ाने _________ भी उनका अपूर्व योगदान है।

14) सहायक क्रियाओं को बदले बिना निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए।

क) हम अपने माँ-बाप की सेवा करनी चाहिए।

ख) मुझको यह काम कर सकता है।

ग) रामू के पाठ पढ़ चुका।

घ) सीता गीत गानी लगी।

15) वाच्य बदलिए।

क) मैं ने यह काम किया।

ख) अब वह चल नहीं सकता।

ग) राजू से यह खत लिखा गया।

घ) वह कहानी पढेगा।

16) सर्वनाम के भेदों को सोदाहरण समझाइए।

17) उपसर्ग और प्रत्यय में क्या अंतर है?

18) काल क्या है? उसके प्रमुख भेदों को सोदाहरण कीजिए। **(7×1=7)**